तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

विपक्ष का कर्तव्य है की जनता की आवाज को मजबूती ... 10


साढ़े 6 करोड़ से लगेंगे तीन नए मोटर पंप गयानगर... 8




## खबर संक्षेप

### जर्जर सड़कों से थम गई आवाजाही, बढ़े हादसे

**मोहला।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बनी ग्राम खड़बत्तर सड़क जो खुर्सीपार से भोजटोला मुख्य मार्ग को जोड़ती है, इस दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सडक के बीच बना गड्ढा बीते दो माह से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अफसरों की नींद नहीं टूट पाई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक तालाब को दूसरे तालाब से जोड़ने वाली भूमिगत पाइपलाइन के टूटने से सड़क धंस गई और बड़ा गड्ढा बन गया है। सड़क का अन्य हिस्सा भी उखड़ चुका हैं। हालत यह है कि ग्रामीण और वाहन चालकों को हर कदम पर जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। आए दिन लोग इस गड्ढे में घुसकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे में कई लोग अब तक गिरकर घायल हो चुके हैं। आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मरम्मत कराने के बजाय मौन साधे हुए हैं।

### स्कूलों में किताबों की कमी नोडल बदले, व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश

**भिलाई।** जिले के सरकारी स्कूल के विद्यार्थी किताबों की कमी से जूझ रहे हैं। राज्य से संकुलों में सीधे किताबें भेजी जा रही है। जिले के बीईओ और नोडल अधिकारियों को पुस्तक वितरण का लागिंग भी दिया गया है ताकि अपने जिले में पुस्तक वितरण की जानकारी अपडेट होता रहे। दुर्ग जिले के स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला को बनाया गया था। नोडल अधिकारी द्वारा पुस्तक वितरण की मानिटरिंग नहीं करने की शिकायत रही। जिला शिक्षा विभाग ने नोडल अधिकारी को ही बदल दिया है। उनकी जगह नोडल अधिकारी संजय वर्मा को बनाया गया है।

### शहीद वीर नारायण की प्रतिमा पर कालिख पोतने वाली निकली मानसिक रोगी

**भिलाई।** शहीद वीर नारायण सिंह की दुर्ग में स्थित प्रतिमा पर कालिख पोतने के मामले में पुलिस ने महिला को पकड़ा है। घटना 17 अगस्त की रात दुर्ग की है। प्रतिमा बस स्टैण्ड दुर्ग के पास की है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि महिला मानसिक रोग से पीड़ित है। उसके परिजनों के मुताबिक सालों से से उपचार कराया जा रहा है। महिला को 'नारायण' नाम से विशेष चिढ़ है। यहां तक कि उसके पति का नाम भी नारायण निर्मलकर है। जिसके कारण वह असामान्य व्यवहार करती है। घटना के बाद आदिवासी समाज ने इसे अपने पुरखों का अपमान बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर कार्रवाई की मांग की थी। समाज ने प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और कैमरे लगाने की मांग भी की है।

## आरपार की लड़ाई : चौथे दिन मशाल जुलूस से गरजा दल्लीराजहरा

# मशाल जुलूस और नारों के बीच राजहरा परिवहन संघ का ऐलान: अधिकार लेकर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। लगातार चौथे दिन धरना स्थल पर हजारों की भीड़ उमड़ी और मशाल जुलूस निकालकर यह साफ संदेश दे दिया गया कि अब संघर्ष आरपार का होगा। अब नहीं सहिबो, अधिकार लेकर रागिबो और चाहे जो भी हो, अधिकार लेकर रहेंगे के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंज उठा। धरना स्थल से निकला मशाल जुलूस जैन भवन चौक, गुप्ता चौक, पेट्रोल पंप चौक, माइंस ऑफिस चौक होते हुए वापस धरना स्थल पर समाप्त हुआ। भीड़ और नारों की गड़गड़ाहट से यह साफ हो गया कि इस बार परिवहन संघ पीछे हटने वाला नहीं है।



### नेताओं और संगठनों का खुला समर्थन

धरना स्थल पर राजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित पहुचे और आंदोलन को सही ठहराया। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स दल्लीराजहरा अध्यक्ष अमित कुकरेजा, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रत्तीराम कोसमा समेत नगरवासी भी धरना स्थल पर शामिल हुए। सबने एक स्वर में कहा कि राजहरा परिवहन संघ की मांगें पूरी तरह जायज हैं और बीएसपी प्रबंधन अब और टालमटोल नहीं कर सकता।

### 20 सालों से अधूरी मांग, अब उबाल और गुस्सा

परिवहन संघ के सदस्यों ने कहा कि बीस–बाइस वर्षों से लोह अयस्क और पैलेट परिवहन का कार्य मांगा जा रहा है, लेकिन बीएसपी प्रबंधन ने हमेशा नजरअंदाज किया। संघ ने 20 अगस्त को बीएसपी प्रबंधन और प्रशासन को आवेदन दिया था जिसमें 27 अगस्त तक निराकरण की मांग की गई थी। चेतावनी के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण 28 अगस्त से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया और 1 सितंबर से लोह अयस्क परिवहन को बाधित करने का ऐलान किया गया। प्रशासन ने 29 अगस्त को पत्र जारी कर 1 सितंबर को दोपहर 12 बजे नगर पालिका सभागार में बैठक तय की है। संघ ने साफ कर दिया है कि बैठक का परिणाम ही तय करेगा कि आंदोलन थमेगा या फिर बीएसपी का लोह अयस्क परिवहन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।

**संघ का ऐलान:** "यह लड़ाई अब समझौते की नहीं, अधिकार की है अगर 1 सितंबर की बैठक में ठोस नतीजा नहीं निकला तो पूरे क्षेत्र में लोह अयस्क परिवहन रोक दिया जाएगा और आंदोलन को प्रदेशव्यापी बनाया जाएगा।"

### पुराने वादों पर क्यों बैठी धूल?

संघ ने बताया कि 28 जुलाई 2019 को हुई बैठक में स्पष्ट कहा गया था कि 15% लोह अयस्क परिवहन सड़क मार्ग से होगा और फाइल एमओई को भेज दी गई है। लेकिन 6 साल गुजर जाने के बाद भी यह मंजूरी "अंगद के पाँव" की तरह अटकी पड़ी है। कलेक्टर, बीएसपी प्रबंधन, यहां तक कि खनिज साधन विभाग तक ने पत्र भेजे लेकिन नतीजा शून्य रहा। सांसद-विधायक से लेकर शासन तक गुहार लगाई गई, पर समाधान नहीं निकला। यही कारण है कि अब यह लड़ाई निर्णायक चरण में पहुँची है।

### आंदोलन में उमड़ा जनसैलाब

धरना स्थल पर नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, नरेंद्र सिंह तुली, अनिल सुथार, अशोक लोहिया, जगजीत सिंह मरवाहा, प्रदीप जायसवाल, संदीप शाहा, चरणजीत सिंह, संदीप बरमोटे, सुनील साहू, संजय विश्वकर्मा, देवेंद्र साहू, भागीराम साहू, दिलीप सिन्हा, शमीम खान, छोटेलाल गुप्ता, संतोष देवांगन, काकू रंधावा, सुनील जायसवाल, प्रदीप बरमोटे, विवेक, रंजीत सिंह समेत सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

# ईंट फैक्ट्री में हुआ हादसा मशीन में फंसा पैर, महिला गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मशीन की सफाई करते हुए महिला मजदूर के दोनों पैर टूटे, 3 उंगलियां भी कटीं

ईट फैक्ट्री में मशीन की सफाई कर रही महिला का पैर अचानक मशीन के चपेट में आ गया, जिससे महिला के दोनो पैर फैक्चर हो गया। जिसके बाद महिला के साथ काम करने वाले सहयोगियो की मदद से महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां महिला का प्रारंभिक ईलाज के बाद रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 27 निवासी रूपा मंडावी 47 वर्ष कुछ माह पहले ही रोजी मजदूरी करने के लिए बालोद थाना क्षेत्र ग्राम परसोदा में स्थित गंगोत्री फ्लाई ऐश फैक्ट्री में काम करने आई थी। जहां प्रत्येक दिन की तरह वह अपने काम में लगी थी, महिला फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री के हाइड्रोलिक मशीन की साफ सफाई कर रही थी। तभी महिला द्वारा मशीन की साफ सफाई करने के दौरान फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री का हाइड्रोलिक मशीन अचानक चालू हो गया। मशीन के अचानक प्रारंभ होने से मशीन की साफ सफाई कर रही महिला के अपने आप को सम्भाल नही पाई और महिला का पैर मशीन की चपेट में आ गया।

जिससे महिला के दोनो पैर फैक्चर हो गए तथा पैर की तीन उंगलिया कट गई। जिसके बाद आस पास मौजूद अन्य मजदूरो द्वारा आनन फानन में महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रारंभिक ईलाज के बाद महिला को रेफर कर दिया गया।

# घर से नकदी व मंगलसूत्र की चोरी अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर में कुलर के ऊपर रखे मोबाईल, नगदी व मंगलसूत्र को अज्ञात चोर दिनदहाड़े चोरी कर फरार हो गया। इसकी जानकारी जब घर के लोगो को हुई तो उन्होने इसकी शिकायत थाने में की। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम सुखरी वार्ड 04 थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी नूरसिंह बारले पिता गैंदूराम बारले 32 वर्ष ने पुलिस को बताया 30 अगस्त को मतवारी पोष्ट आफिस मे बच्चे का नोनी योजना का पैसा जमा करने के लिये 15000 रूपये रखा था, जिसमे पांच पांच सौ का नोट था, जिसे घर के कमरे में कूलर के उपर अपनी पत्नी संगीता बाई बारले के मोबाइल के नीचे रखा था।

फिर मैं दवाई लेने के लिये मेडिकल स्टोर ग्राम अण्डा चला गया, घर का दरवाजा खुला था, घर मे मेरी मां अहीलया बाई बारले घर में नहा रही थी, मेरी पत्नी संगीता बाई बारले नहाने के लिये तालाब गयी थी, मेरी भांजी कवीता सोनवानी बाड़ी तरफ थी, दोपहर 01:20 बजे मेरी पत्नी संगीता बारले मुझे फोन की और बतायी कि कुलर के उपर मोबाइल था वह नही है, तब मै उसे बताया कि मोबाइल के नीचे 15000 रूपय को दबा कर रखा था, फिर मेरी पत्नी बतायी कि मैं मंगल सूत्र को जिसमे पांच सोने की पत्ती है उसे वहीं पर कुलर के उपर रखी थी, मोबाइल, नगदी 15000 रूपये और मंगलसुत्र नही है, कोई अज्ञात व्यक्ति सुबह 11:30 से दोपहर 01:20 बजे के मध्य मेरे घर अंदर आकर कुलर के उपर रखे मोबाईल, मंगलसुत्र और 15000 रूपये नगदी को चोरी कर ले गया है।

# दल्ली माइंस में 390 किलो लोहा चोरी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीती रात माइंस एरिया मे घुसकर वहां से बोलेरो के माध्यम से सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। जिसे पकड़ने मे वहां उपस्थित सुरक्षा कर्मीयो को सफलता मिली है। जिसके बाद पकड़े गए व्यक्ति व उसके एक अन्य अज्ञात साथी के खिलाफ धारा 3(5), 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

बीएसपी यूनिट के राजहरा कंटिजेन में उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह वर्मा ने पुलिस को बताया बीएसपी के अंतर्गत दल्ली माइंस में रात्री पारी के समय 22.30 से डयूटी आफिसर के रूप में अपना कर्तव्य पर उपस्थित था, दल्ली माइंस एरिया गेट नं0 01 की ओर आ रहा था। तब मैने देखा की गेट पर उपस्थित



बल सदस्य सहायक उप निरीक्षक द्वारा एक वाहन बोलेरो को नियमित जांच के लिए जो की गेट से बाहर की ओर जा रहा था। इसे रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु वह गाड़ी तीव्र गति से बिना रूके चेक पोस्ट से बाहर की तरफ निकलने लगा, उक्त गतिविधी मुझे संदिग्ध लगी और मैने तुरंत उस गाडी का पीछा कर वाहन संख्या सीजी 07 एमबी 0186 को वाहन को कुछ दूर आगे जाकर रोकने में सफल रहा।

इस दौरान एक व्यक्ति जो उपरोक्त गाड़ी में मौजुद था मौके से भागने में सफल रहा, दुसरा व्यक्ति गाड़ी का चालक जिसका नाम संतोष कुमार पिता सुकदेव वार्ड क्र0 16 शिव मंदीर दल्ली का है, को पकडने में सफलता मिली, फिर सदिग्ध गाड़ी की तलाशी के दौरान कुल 7 नग लोहे का सामान बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 390 किलो है, पुछे जाने पर संतोष कुमार ने कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराया एवं वह यह सामान एसआरपी एरिया से उठाया है। यह सारी घटना समय लगभग 23.05 बजे घटित हुई थी। जिसकी सूचना संबंधित प्रबंधन के अधिकारी और संबंधित थाने को भी दी गई।

# मनरेगा मेट संघ की मासिक बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा का मासिक बैठक ग्राम पंचायत भवन कोडेकसा में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कोडेकसा के सरपंच एवं पूर्व प्रशिक्षित मेंट मेन लाल भुआर्य उपस्थित रहे।

बैठक में संघ की गतिविधियों को और गति प्रदान करने तथा ईमानदारीपूर्वक कार्य संपादन पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि यदि कोई मेंट साथी अपने कार्यों में लापरवाही करता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उसी की होगी। साथ ही, जो मेंट साथी अभी तक संघ से नहीं जुड़े हैं, उन्हें शीघ्र पंजीयन कराकर संघ की कार्यप्रणाली, मोबाइल मॉनिटरिंग, मस्टररोल संधारण आदि से संबंधित प्रशिक्षण लेने का आग्रह किया गया। बैठक में बताया गया कि संघ से जुड़े मेंट साथियों को मनरेगा अंतर्गत मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जिनमें वाउचर भुगतान, मोबाइल मॉनिटरिंग हेतु डाटा भुगतान सहित अन्य लाभ शामिल हैं। इसी अवसर पर सरपंच मेन लाल भुआर्य का संघ की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।



बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 2 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती ग्राम पंचायत चेंद्रीबन नवागांव में आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर श्री कीर्तन देवांगन (संचालक प्रदेश मेंट संघ), विष्णु कोठारी (अध्यक्ष ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ), ओंकार साहू (कोषाध्यक्ष), प्रीतम साहू (जिला सचिव), नेहरू कोसमा (मीडिया प्रभारी), पुरंजन साहू (जोन अध्यक्ष) सहित काशीराम मंडावी, शिवप्रसाद नेताम, श्रवण कुमार, गणपत हुपेन्डी, तोमनलाल गांवरे, लोकेश्वर प्रसाद, दौलत राणा, ओंकार कोर्टे एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

# मॉडल टेस्ट परीक्षा में 14 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क प्रयास व छात्रवृत्ति परीक्षा का माडल टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में पदस्थ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा इस वर्ष से प्रत्येक माह प्रयास व छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु मांडल टेस्ट परीक्षा का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन से बच्चों में मुख्य परीक्षा के प्रति डर की भावना रहती है, वह दूर हो जाती है तथा बच्चों में मुख्य परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है। जिसमें बच्चे सफलता की ओर अग्रसर होते हैं। इस वर्ष का पहला माडल टेस्ट परीक्षा जुलाई माह में संपन्न हुआ और दूसरा माडल टेस्ट परीक्षा 30 अगस्त को आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के 14 बच्चों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया। इस आयोजन में प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू का विशेष योगदान रहा।



## मोदी की मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी

# खेलों के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड बालोद शहर मंडल के 20 वार्डों में स्थित 18 बूथों पर उत्साह के साथ सुना गया। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 15, बूथ क्रमांक 35 में इसका आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण और कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला मंत्री एवं शहर मंडल प्रभारी निशा योगी, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, पार्षद गोकुल ठाकुर, गोमती रात्रे एवं श्यामा पटेल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने विविध विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ रही है, और छोटे–छोटे गांवों से प्रतिभाएँ उभर रही हैं। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुए पहले डे–नाइट क्रिकेट मैच का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि हजारों लोग इसे देखने पहुँचे, यह भारत की नई खेल क्रांति का प्रतीक है। यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रतिभा सेतु जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए गए हैं, जिससे हजारों युवाओं को मार्गदर्शन मिल रहा है। सौर ऊर्जा के माध्यम से देश में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है, गांवों में सोलर राइस मिल तक चलाए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

शहडोल की यात्र का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि वहां के बच्चों की खेल के प्रति रुचि ने उन्हें प्रभावित किया, और इसके लिए जर्मनी के कोच से विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई। मोदी जी ने भारतीय संस्कृति, रामायण, और स्वदेशी उत्पादों के प्रति प्रेम व अपनत्व बढ़ाने की भी बात कही। कार्यक्रम में टेमेश्वर कौशिक, चेतराम मटिया, श्यामाबाई मंडवी, श्यामा साहू, भूनेश्वरी, महेश्वरी, संतोषी यादव, गोमती बाई, देववती, खेमेश्वरी, कमला यादव, दुलारी बाई, प्रीति, धनलक्ष्मी, कला गोस्वामी, खोमेश्वरी सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने गहरी रुचि के साथ मन की बात को सुना और सराहा। यह कार्यक्रम न केवल प्रधानमंत्री के विचारों को जन–जन तक पहुँचाने का माध्यम बना, बल्कि कार्यकर्ताओं और नागरिकों के लिए राष्ट्र निर्माण के प्रेरणास्त्रोत के रूप में भी कार्य किया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### क्रांतिसेना चलाएगी सदस्यता अभियान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के मुरमुन्दा परिक्षेत्र की बैठक हुई। बैठक ग्राम गोढ़ी में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 100 से ज्यादा लोगों ने सदस्यता भी ग्रहण की। चेलाराम साहू को महामंत्री बनाया गया। देवेंद्र साहू को जनपद का पदभार दिया गया। बैठक में संगठन के जिला पदधिकारी भी मौजूद थे। प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश साहू, जिला सचिव सतीश वर्मा, महामंत्री कमलेश मारकंडे, परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष सूरज साहू एवं सचिव हरीश, रूपनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्व. मुकेश की 49वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**दुर्ग।** कायस्थ रत्न एवं पार्श्व गायक स्व. मुकेश चन्द्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि पर कायस्थ सभा द्वारा संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम स्व मुकेश चन्द्र माथुर के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा के सचिव सुमित श्रीवास्तव ने संक्षिप्त जीवनी बताकर सभा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के राजीव बक्शी, राज नारायण श्रीवास्तव, संतोष खरे, प्रशांत श्रीवास्तव जामुल भिलाई, संजय नंदूलाल श्रीवास्तव, प्रशांत बक्शी, अनूप खरे, दिवेश श्रीवास्तव, अक्षत श्रीवास्तव, महिला सदस्यों में शोभा श्रीवास्तव, कविता श्रीवास्तव, अल्का श्रीवास्तव, भावना वर्मा, अराधना खरे द्वारा गानों की प्रस्तुति दी गई। स्वराजंली पश्चात भगवान श्री चित्रगुप्त की साप्ताहिक पूजा आरती संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद स्वल्पाहार वितरण किया गया।

# आयुक्त ने ठेला हटवाया, कचरा उठवाया, नियम तोड़ने पर वसूला अर्थदंड

## मिनी माता चौक पर पेट्रोल पंप संचालक को दिए साफ-सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल शहर की सड़कों पर निकले और अधिकारियों व अमले के साथ कई प्रमुख स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। जहां-जहां लापरवाही और गंदगी दिखाई दी, वहां तुरंत कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कलेक्ट्रेट के पास लगे ठेले हटवाए गए। आयुक्त ने चाय और पान ठेला संचालकों को मौके पर बुलाकर खुद ही कचरा उठवाया और सफाई भी कराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे से ठेला संचालक आसपास गंदगी फैलाते पाए गए तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इसके बाद आयुक्त दल-बल के साथ मिनी माता चौक पहुंचे। यहां पेट्रोल पंप के आसपास गंदगी फैली हुई थी। इसे देखकर वे नाराज़ हुए और मौके पर ही पंप संचालक को बुलाकर परिसर की तुरंत सफाई कराने का आदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान कचरा फैलाने वाले ठेला संचालकों से अर्थदंड वसूला गया। पुलगांव चौक और गंजपारा जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी कमिश्नर ने सफाईकर्मियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### अस्थायी निर्माण हटाने के निर्देश

आयुक्त ने कुछ स्थानों पर अस्थायी निर्माण देखकर नाराज़गी जताई और तुरंत बेदखली के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अग्रवाल ने कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग सड़क किनारे कचरा फेंकते हैं। उन्होंने अमले को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों पर तुरंत जुर्माना लगाया जाए और यदि ज़रूरत हो तो कड़ी कार्रवाई भी की जाए।



### सड़क पर न फेंकें कचरा

उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों और घरों से निकलने वाला कचरा सड़क पर न फेंकें, बल्कि निगम की निर्धारित व्यवस्था का पालन करें। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था तभी सुधरेगी जब प्रशासन और जनता दोनों मिलकर सहयोग करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, गौतम साहू, मनोहर शिंदे, सुरेश भारती,रामलाल भट्ट।

**स्वीकृति : शासन ने दी मंजूरी, स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत होगा ऑटोफिकेशन**

# साढ़े 6 करोड़ से लगेंगे तीन नए मोटर पंप गयानगर क्षेत्र में बनेगी पानी की नई टंकी

## पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए अब निगम साढ़े 6 करोड़ रुपए और खर्च करेगा। इस राशि से इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में तीन नए मोटर पंप लगाए जाएंगे। लंबे समय से इसकी डिमांड की जा रही थी। इसके अलावा वार्ड-4 गयानगर स्थित बघेरा रोड में पानी की नई टंकी का निर्माण किया जाएगा, जिससे करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। आदेश के मुताबिक बघेरा से गयानगर तक नई पाइपलाइन बिछेगी।

स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत ऑटोमेटिक प्रणाली और कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम लगेगा। वार्ड-50 बोरसी में पाइपलाइन को लेकर ऑटोमेशन सिस्टम लगाया जाएगा। इस पर करीब 18.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करीब कुल 6.5053 करोड़ रुपए की लागत से ये काम होंगे। एक दिन पहले नगरीय प्रशासन के कार्यपालन अभियंता ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। बता दें शहर के 60 वार्डों में पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। इसके बाद भी शहर में पेयजल संकट के हालात है। आए दिन पाइपलाइन लीकेज, मोटर पंप में खराबी की शिकायतें सामने आ रही है। समस्या को लेकर पार्षदों द्वारा शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

### 1.99 करोड़ में बनेगा 20 मीटर ऊंचा ओवर हेड टैंक, मंजूरी

जानकारी के मुताबिक गयानगर में 1.99 करोड़ रुपए की लागत से 1500 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक तैयार किया जाएगा। 20 मीटर ऊंचे इस टैंक से आसपास के करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाए जाने की तैयारी है। इसके अलावा 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बघेरा से गयानगर तक नई डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी। 97.33 लाख रुपए की लागत से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वर्टिकल टर्बाइन मोटर पंप लगाया जाएगा। इसी प्रकार के दो मोटर पंप इंटकवेल में स्थापित किए जाएंगे। इसकी लागत करीब 1.94 करोड़ रुपए आंकी गई है। नए ओवर हेड टैंक में फ्लो मीटर, पाइपलाइन पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। 18.50 लाख रुपए की लागत से पुरानी बोरसी में पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा।

### 4 साल में मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत 26.30 करोड़ रुपए जारी

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम को मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से लेकर 2023-24 तक 26.30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। मेंटेनेंस, पेयजल सप्लाई और अन्य कार्यों के लिए यह राशि जारी की गई है। इसमें अब तक 18.87 करोड़ रुपए के कामों की स्वीकृति राज्य शासन से जारी की गई है। 7.42 करोड़ रुपए अब भी शेष हैं। बता दें कि पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े होने के बाद भी मेंटेनेंस अब तक नहीं हो पाया है। इधर योजना के तहत जारी राशि निगम खाते में है। बावजूद शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इस वजह से शहर में कई वार्डों में पेयजल संकट के हालात बने हुए हैं।



### 300 करोड़ से ज्यादा खर्च के बाद भी पानी की बर्बादी

बता दें कि पिछले करीब 15 साल में निगम ने 300 करोड़ से ज्यादा की राशि शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए हैं। इसमें वृहद पेयजल योजना फेज-1 में 50 करोड़, फेज-2 में 100 करोड़, अमृत मिशन में 152 करोड़ रुपए की राशि खर्च की। वर्तमान में शहर विस्तार की वजह से अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने के नाम पर 20 करोड़ का और भी प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, बहरहाल इसे शासन से मंजूरी नहीं मिली है। इधर पानी को लेकर शहर में संकट बरकरार है।

### शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब राइजिंग पाइप में बड़े लीकेज

शहर के 60 वार्डों की करीब 3 लाख आबादी को अगले तीन महीने भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े हालत की वजह से बड़ी समस्या सामने आई है। मुख्य राइजिंग पाइपलाइन सहित अन्य जगहों पर बड़े लीकेज हैं। इसके अलावा शहर में 15 जगहों पर वॉल्व में खराबी आई है। मुख्य रूप से 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सप्लाई व्यवस्था में दिक्कत सामने आई है। 42 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन में भी लीकेज सामने आया है। इस वजह से पूरे शहर के पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर निगम ने वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से सप्लाई की तैयारी की है। जानकारी के मुताबिक निगम ने लीकेज संधारण का काम भी शुरू कर दिया है। 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन का लीकेज मेंटेनेंस किया। इस वजह से शहर के बाजार क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। निगम अधिकारियों के मुताबिक शहर के बोरसी, पोटिया, बघेरा, उरला और पुलगांव क्षेत्र में बनी पानी टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में ज्यादा लीकेज हैं। इसके अलावा इंटकवेल से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट राइजिंग पाइप लाइन में बड़े लीकेज हैं। बोरसी में 5 जगह, पोटिया में वार्ड-53 सहित 12 जगह, बघेरा में तीन जगह, उरला में तीन जगह पर लीकेज हैं। इस प्रकार मालवीय नगर, शंकर नगर नाला से लगे क्षेत्र में राइजिंग पाइप में लीकेज है। शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब हो गए हैं। इस वजह से लाखों गैलन पानी

# एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी पोर्टल खोलने की रखी मांग



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। छात्र नेता चैतन्य बंछोर के नेतृत्व में मांगों पर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें 12 वीं कक्षा के द्वितीय परीक्षा परिणाम विगत दिनों जारी हुए हैं। उन छात्र-छात्राओं को रेगुलर प्रवेश प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय का प्रवेश फार्म पोर्टल खोलने, विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की तिथि में वृद्धि करने की मांग की गई। गजेंद्र यादव ने मांगों का त्वरित निराकरण किए जाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर तिरुपति चंद्राकर, मृदुल सिंह, पीयूष सिन्हा, विपुल साहू, गौरव निषाद, विकास, कुणाल, गुल्मेश, वैभव, मनीष वर्मा, खुशबू देवदास, सोम वर्मा, गौरव पराते, जय पराते एवं दीपक टांक उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को किया करियर के प्रति जागरूक

**दुर्ग।** उरला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार संबंधित आवश्यक बातें बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक रोजगार वीके केड़िया मुख्य वक्ता थे।



उन्होंने अनुशासन, रुचि, वातावरण व जीवनचर्या से संबंधित कई सरल-सहज उदाहरण बताकर विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अरुणा रेड्डी ने भी आगामी समय में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयवर्धन रहें। रोजगार कार्यालय से ईश्वर प्रसाद, दुलेश्वर साहू, हलधर नेताम भी उपस्थित रहें।

# याद किए गए मेजर ध्यानचंद, खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शतरंज, कैरम एवं बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- शतरंज, कैरम व बैटमिंटन का आयोजन

खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. उमाकांती सिंह ने किया। क्रीड़ा अधिकारी अर्चना षड़गी ने खेल दिवस के मौके पर मेजर ध्यानचंद एवं प्रतिभायान खिलाड़यों को याद करते हुए खेल के प्रति हमारे युवा एवं विद्यार्थियों को जागरुकता का संदेश दिया। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एवं व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार के खेल जुड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर अर्चना तिवारी, भावना दुबे, डॉ. सपना वैष्णव, हारून रशीद, जेएन मिश्रा, पूनम गौतम, आफरीन खानम, यास्मीन परवीन उपस्थित रहे।



### आयोजित प्रतियोगिता में इन्हें मिला पुरस्कार

आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों में शतरंज (पुरुष) पीयुष कुमार सिन्हा विजेता, पुनेश्वर वर्मा उपविजेता, शतरंज (महिला) पूर्वी मण्याची विजेता, लोकेश्वरी उपविजेता, बैडमिंटन (पुरूष) वोमेश कुमार विजेता, खुमेन्द्र उपविजेता, बैडमिंटन (महिला) खुशबू विजेता, मेघा कोठारी उपविजेता, कैरम समूह (महिला) शिखा एवं हनी विजेता, गीतांजलि एवं आस्था उपविजेता, कैरम एकल (महिला) मनीषा विजेता, दीपिका उपविजेता, कैरम एकल (पुरुष) वमनलाल विजेता, प्रदीप उपविजेता शामिल हैं।

# डॉ. भूपिका और डॉ. आशीष ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पुरस्कार




**दुर्ग।** कामधेनु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमवीएससी के दो शोधार्थियों ने हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 66वें राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरस्कार जीता। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं 25,000 रुपए नकद से सम्मानित किया गया। डॉ. भूपिका देवांगन ने एक्वा फीड निर्माण हेतु मछली प्रसंस्करण अपशिष्ट के उपयोग की व्यवहार्य तकनीक का मूल्यांकन विषय पर निबंध प्रस्तुत कर एक्वा सेक्टर में पुरस्कार हासिल किया।

डॉ. आशीष तिवारी ने पोस्ट-वीनिंग डायरिया में शामिल कारक और उसके निवारण के उपाय विषय पर अपने निबंध के लिए स्वाइन सेक्टर में पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी, केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राजमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, तेलंगाना राज्य के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य मंत्री वाकिति श्रीहरि, अधिष्ठाता मुंबई पशुचिकित्सा महाविद्यालय अजीत रानाडे तथा विजय डी. भंडारे मौजूद थे। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य ने शुभकामनाएं दी है।

# मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में दुर्ग जिला भाजपा प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के विभिन्न जिला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में पहली बार दुर्ग जिला भाजपा ने प्रथम स्थान पर आने का इतिहास रचा है। जून माह में दुर्ग विधानसभा भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड का आयोजन सर्वाधिक स्थानों पर कर के पूरे प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जुलाई माह में 124 वें एपिसोड के आयोजन में दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा व पाटन विधानसभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रचते हुए पूरे दुर्ग जिला को प्रदेश में प्रथम स्थान पर ला खड़ा किया। 31 अगस्त को 125 वें एपिसोड के आयोजन को अधिक से अधिक स्थानों पर सफल बनाने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद कौशिक के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मन की बात प्रभारियों की बैठक जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में एवं पाटन विधानसभा की बैठक पाटन रेस्ट हाउस मे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। ग्रामीण विधायक व जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने बैठक में अपनी बात रखी। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी मुकेश बेलचंदन, लिकेश्वर देशमुख, राजू जंघेल, अनुपम साहू, हेमन्त सिन्हा, कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, हर्षा चंद्राकर आदि मौजूद थे।

- 31 अगस्त को होगा 125 वें एपिसोड का प्रसारण



# महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का गठन

**दुर्ग।** शासकीय वीवायटी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का उद्घाटन प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता डॉ शाइनी मेंडोंस प्राचार्य सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मर्सी जॉर्ज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह संघ छात्रों का मंच है, उनकी आवाज़ है। उन्होंने छात्रों से अपनी प्रतिभा को खोजने, सृजनात्मकता व्यक्त करने तथा जिम्मेदार और विचारशील व्यक्तित्व के रूप में विकसित होने का आह्वान किया। इसके उपरांत संघ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई तथा उन्हें शपथ दिलाई गई।




निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष सौम्या रेड्डी, उपाध्यक्ष लीना साहू, सचिव हरीश साहू, सह सचिव श्रुति सोनी साहित्यिक क्लब की संयोजक याचना डडसेना, सांस्कृतिक क्लब की संयोजक संजना सोनी, साहित्य संपादक सुगंधा सक्सेना शामिल हैं। डॉ अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र शिक्षा प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं।

# बिजली उपभोक्ता एसो. ने हिंदी भवन के सामने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन द्वारा हिंदी भवन के सामने बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने एवं बिजली के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ रैली प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को राज्यपाल, विद्युत मंत्री, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं सचिव ऊर्जा एवं प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

- बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने की मांग

सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के राज्य प्रभारी आत्माराम साहू ने कहा कि बिजली एक बुनियादी सेवा है जिसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। लेकिन सरकार बिजली को अतिआवश्यक सेवा से बदलकर पूंजीपतियों को सौंप रही है। छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली उत्पादन होता है।

फिर भी छत्तीसगढ़ में आम जनता को महंगी दरों पर बिजली खरीदना पड़ रहा है। बिजली कटौती जारी है। पिछले दो महीने पहले राज्य सरकार द्वारा बिजली प्रति यूनिट 10 से 30 पैसे की बढ़ोतरी की गई। जुलाई 2025 से आम जनता को मिलने वाली बिजली हाफ योजना भी बंद कर दी गई। सरकार कह रही है कि सिर्फ 100 यूनिट बिजली तक ही हाफ योजना चलेगी।

इससे राज्य के 20 लाख से अधिक उपभोक्ता को बिजली की दोहरी मार झेलना पड़ेगा। रैली प्रदर्शन में पदमा पाटिल, प्रवीण शर्मा, अनिता साहू, शुभम पांडे, सरस्वती साहू, मेनका निषाद, नरेश साहू, सुनीता, आकाश सोनी, ओम उपाध्याय, दीपा कौशल, पूजा सागर, दीक्षा कौशल, ललिता साहू, गोदावरी साहू, तीजन सिन्हा, लेखराम साहू, संगीता रात्रे सहित अन्य लोग शामिल रहे।




# एनईपी सिलेबस में ऐसे विषय शामिल जिससे स्टूडेंट्स संस्कृति को पहचान सकें

**दुर्ग।** पॉलीटेक्निक दुर्ग में नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं के लिए 03 सप्ताह का परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा प्रमुख रूपप से मौजूद थे। कुलपति ने कहा कि प्रथम सेमेस्टर में एनईपी सिलेबस में ऐसे विषयों को शामिल किया गया है जिससे विद्यार्थी भारत की संस्कृति को जान सकें।



उन्होंने अंतर विषयी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में एआई का समय रहेगा, जिसके फलस्वरूप हमें अपने आप को सक्षम करना है। इसमें एक पहल यह रहेगी की उद्योग जगत से लोगों को बुलाकर सेमीनार करवाया जाएं। इसमें तीन समस्याएं छात्रों के लिए छोड़ने के लिए कहा जाए। छात्र उन समस्याओं का समाधान खोजें। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य के लिए तीन रास्ते सुझाए, इसमें उच्च शिक्षा, रोजगार और खुद का व्यवसाय। इस अवसर पर प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ. रचना सिंह नेपीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. राखी जंघेल, वर्षा वर्मा, डॉ. अर्चना साहू, टिकेश्वरी साहू, प्रदीप राजपूत, मनोज चंद्राकर, सीमा दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### प्रयास में शक्तिकांत चयनित



**पटेवा।** ग्राम घुमर्रा निवासी शक्तिकांत खरे आ दिलीप खरे का चयन प्रयास विद्यालय दुर्ग की कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। पीएमश्री जालबांधा स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र शक्तिकांत खरे प्रारंभ से ही मेधावी है। प्रयास में चयन होने पर इष्ट मित्रों एवं परिजनों ने बधाई दिया है।

### ग्रामीणों ने सुना पीएम के मन की बात

**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने मन की बात



कार्यक्रम के तहत आम लोगों से रूबरू हुए। यह उनका 125 वां प्रसारण था। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, कृषि आदि की जानकारी लोगों से साझा किया। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना गया। ग्राम घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रोहित जंघेल, धनऊ राम जंघेल, जयकरण जंघेल सहित अन्य कार्यकताओ के साथ कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों से चर्चा किया।

### महिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित

**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ ढेंगर गड़रिया समाज की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ



अध्यक्ष सुनीता गोपाल धनगर, कोषाध्यक्ष नीलम विजय पाली की सहमति से धमधा-गंडई राज परिक्षेत्र के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नई समिति में त्रिवेणी दुबेले को संरक्षक, ममता पाल को प्रदेश महासचिव और रेखा धनकर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त रेखा पाल को सचिव, पूर्णिमा पाली और मनीषा धनकर को सलाहकार सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूनम पाली, दुलेश्वरी पाल शामिल हैं, जबकि धनेश्वरी धनकर अनुशासन समिति की सदस्य होंगी। धमधा-गंडई राज के जिलाध्यक्ष शंकर पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी है।

### जैन समाज ने मनाया दशलक्षण पर्व

**छुईखदान।** दिगम्बर जैन समाज छुईखदान ने श्रद्धा और उत्साह के साथ



दशलक्षण पर्व मनाया। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक श्रद्धालु और सामाजिक जन एकत्रित हुए और पर्व की गरिमा को बढ़ाया। समाज के वरिष्ठ सदस्य सुधीर जैन ने बताया कि जैन धर्म में दशलक्षण पर्व का काफी महत्व है। इस पर्व में आत्मशुद्धि, संयम और धर्म के दस लक्षणों को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाता है। पर्व के दौरान पूजा-अर्चना, प्रवचन, भजन और स्वाध्याय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सुधीर जैन, अशोक पंचरत्न, राजकुमार जैन, नीरज जैन, शैलेश जैन, छोटे, गोलू, नवनीत जैन, संजय जैन, अनिल जैन, अजय जैन, दीपक जैन, अनूप जैन, अमृत जैन, नवीन जैन, राजेश जैन, संदीप जैन, संजीव जैन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सेजेस के छात्र का फेंसिंग स्पर्धा के लिए चयन

**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह ख़ुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई के छात्र आकिल कुरैशी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 9वीं के छात्र आकिल का चयन फेंसिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के



लिए हुआ है। वह कैडेट अंडर 17 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकिल ने राज्य स्तरीय ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह स्थान बनाया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 सितंबर से उत्तराखंड के हल्द्वानी में रखी गई है। इस सफलता का श्रेय आकिल के साथ व्यायाम शिक्षक प्रिंकेश कश्यप और फेंसिंग कोच अजय गोंड को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में अकील ने यह मुकाम हासिल किया।आकिल की इस उपलब्धि से गंडई नगर और विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य पवन कुमार ददरया सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्र को बधाई दी है।

### जिपं सदस्य शताक्षी ने की ग्रामीणों से मुलाकात

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्रापं बिड़ौरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह शामिल हुईं। जनपद सदस्य उमेश वर्मा, सरपंच आशीष राजपूत, मन्नू वर्मा, कृष्ण कुमार, बबला वर्मा, लीलाधर



साहू, हरूप राजपूत, अनिल साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों और नवयुवा गणेश समिति के सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने ग्राम विकास की दिशा में और अधिक मेहनत करके बिड़ौरी को नई ऊंचाईयों तक ले जाने हर संभव प्रयास का वादा किया। ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात दौरान उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों से गांव में सड़क, पानी, स्कूल संबंधित या अन्य किसी प्रकार की समस्या की जानकारी ली और कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे संपर्क कर सकते है। इस दौरान ग्रामीणों अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा और समाधान को लेकर चर्चा की।

### विद्यार्थियों ने नारे लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता महाअभियान के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प




लिया गया। अभियान में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं जनभागीदारी सदस्य गितेश गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर एसआर कनोजे और प्रो. आसानंद माखीजा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश देते कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस का अभियान नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई में सक्रिय भागीदारी की और नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## महावीर चौक पर वोट चोर-गद्दी छोड़ सभा का आयोजन

# वोट चोरी आंदोलन का समर्थन कांग्रेस सेवा दल ने किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वोट चोरी के मामले में राहुल गांधी द्वारा निकली जा रही यात्रा का कांग्रेस सेवा दल ने समर्थन करते आज शहर के महावीर चौक पर वोट चोर गद्दी छोड़ सभा का आयोजन करते सत्याग्रह किया। इस दौरान सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने यहां आयोजित कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेस सेवादल का ध्वजारोहण किया और ध्वज को सलामी दी।

केंद्र की मोदी सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाते लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग को इस मामले में घेरा है और इसके खिलाफ यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसका समर्थन करते कांग्रेस सेवा दल द्वारा सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

### विभिन्न वक्ताओं ने किया संबोधित

कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित इस सत्याग्रह आंदोलन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग को आड़े हाथों लिया और अपने प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को गद्दी छोड़ने नारेबाजी की। सत्याग्रह के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व मंत्री धनेश पटिला, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, हेमा देशमुख, मामराज अग्रवाल, सुदेश देशमुख, पंकज बांधव, थानेश्वर पटिला, अमित खंडेलवाल, सूर्यकांत जैन, अशोक फड़नवीस सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सेवादल ने किया ध्वजारोहण



### जनता के वोट अधिकार की लड़ाई

कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सेवा दल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाता है। आज का कार्यक्रम राजनांदगांव में आयोजित था और इसके साथ ही वोट चोट गद्दी छोड़ के आयोजन को समर्थन करने यहां सत्याग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की रक्षा, जनता के अधिकतर, लोगों के वोट अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जिसका सभी कांग्रेसजनों ने इस मंच से समर्थन किया है।

### यहां भी हुई थी गड़बड़ी, पर नहीं हुई कार्रवाई

सेवादल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीय तार-तार हुई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में भी निर्वाचन आयोग की गड़बड़ी सामने आई थी। जिसमें विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ नंबर 123 के 964 मतों की गिनती नहीं की गई। वहीं उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ नंबर 91 में जिसका नाम मतदाता सूची से डिलीट हो गया था, उसने वोट डाला और उस व्यक्ति को पार्षद चुनाव में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया। इसके बाद कांग्रेस ने लिखित शिकायत की पर कार्रवाई नहीं हुई। निर्वाचन आयोग ने सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध नहीं कराया।

## सड़क सुरक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता




**मोहला।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला में किया गया। इस आयोजन में प्रत्येक संकुल से एक टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा तथा यातायात संबंधी नियमों की गहन जानकारी के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला के विद्यार्थी प्रथम, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला के विद्यार्थी द्वितीय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलकन्हार के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रतियोगिता के नोडल दीपक राजपूत ने बताया कि विजेता बच्चों को 2500, 1500, 1000 का नगद पुरस्कार तथा शेष विद्यार्थियों को 1000 का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता आगामी समय में जिला स्तर पर होगी। वहां भी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। प्रतियोगिता के संचालक बीईओ राजेंद्र कुमार देवांगन ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल शिशुपाल मलगाम, दुष्यंत भुआर्य, साक्षर भारत के जिला नोडल चैताली मैथ्यू, नूतन सिंह साहू, दीपक कुमार राजपूत, कौशल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## दूध मोगरा गंडई ने शानदार प्रस्तुति से मोहा सबका मन



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत रंग परब उत्सव में गंडई के प्रतिष्ठित लोक कला समूह दूध मोगरा गंडई ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। गत 29 से 31 अगस्त तक रायपुर के मुक्ताकाशी मंच पर हुए इस आयोजन में समूह ने लोकप्रिय लोकनाट्य अक्कल बड़े के भइंस प्रस्तुत किया।

एक सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, वहीं दूध मोगरा गंडई भी अपनी स्थापना के 49 वर्ष पूर्ण कर चुका है। समूह के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी और दर्शकों को हँसाया। बताया गया कि अक्कल बड़े के भइंस एक पारिवारिक नाटक है जो छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और देवारी पर्व पर आधारित है। इस नाटक का अब तक 1200 से अधिक बार मंचन हो चुका है। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, उत्तरप्रदेश और दिल्ली में भी मंचन किया जा चुका है। समूह को लोककला के प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सम्मान मिल चुके हैं। दूध मोगरा गंडई की सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली पीढ़ी से लेकर तीसरी और चौथी पीढ़ी के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। गौतम जैन, द्वारिका यादव, जीवनलाल गंधर्व जैसे कलाकारों के साथ सरस्वती निषाद, सुखियारिन मानिकपुरी, पीसीलाल यादव, और युवा कलाकार छत्तीसगढ़ की लोक कला को देश भर में फैला रहे हैं।

समूह के सदस्य द्वारिका राम यादव ने बताया कि 15 अगस्त 2026 को दूध मोगरा गंडई अपनी रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाएगा, जिसकी तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर एक वृहद स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वालों पर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वनांचल में फर्जी नियुक्ति पत्र के



माध्यम से जिला मुख्यालय मोहला में पदस्थ लोगों की जांच की मांग को लेकर अदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपा था।

गोड़ समाज के पूर्व संभाग अध्यक्ष जगतराम सलामे ने कहा कि इसके बाद भी दोषियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। यदि सरकार द्वारा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संभाग स्तरीय गोड समाज मोहला एवं सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन रैली कर सरकार को अवगत किया जाएगा। नौ लोगों के पास नियुक्ति से संबधित कोई भी वैध कागजात नहीं है, जो पूरा फर्जी व गलत है। शासन के नियम-कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य से स्थानीय बेरोजगार साथियों का हक का हनन करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। सरकार उनकी जांच त्वरित करें और जो पद रिक्त होगी, उसे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारी को आबंटित करें।

## डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

### जिले के सभी लोकसेवा केन्द्र के आपरेटर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल उपयोग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर और ईडी नोडल रेणुका रात्रे सहित जिले के सभी लोक सेवा केन्द्र व सीएससी ऑपरेटरो की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला में ईडीएम मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि नया पोर्टल डिजिटल इंडिया अभियान को और मजबूती देगा और नागरिकों को पहले से अधिक तेज़, सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करेगा। अब नागरिक आय, जाति, निवास, विवाह पंजीयन, दुकान स्थापना, भवन निर्माण अनुज्ञा, गुमास्ता पंजीयन, नल कनेक्शन और पेंशन योजनाओं जैसी प्रमुख सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने की समय सीमा 15 दिन से घटाकर 7 दिन कर दी गई है। इसके अलावा, यदि अनुमोदनकर्ता समय पर निर्णय नहीं लेते हैं तो पेनाल्टी का प्रावधान भी लागू किया गया है। यह व्यवस्था सेवा वितरण की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।



### स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं पर विशेष सत्र

कार्यशाला के दूसरे चरण में सिविल अस्पताल खैरागढ़ के डॉ पंकज वैष्णव ने आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान वय वंदन कार्ड पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में निवासरत 70 साल से अधिक आयु के सभी नागरिकों का वय वंदन कार्ड बनाया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को हर साल लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे ग्रामीण अंचल तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो सकें। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में सीएससी जिला समन्वयक अवधेश साहू ने एग्रीटेक पोर्टल के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने लोक सेवा और सीएससी ऑपरेटरों से कहा कि वे अपने आसपास के किसानों को इस पोर्टल से जोड़ें। एग्रीटेक पोर्टल के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारियां, योजनाओं के लाभ और सरकारी सुविधाएं सीधे उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि कार्यों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

### स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को किया जागरूक

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर डाइट में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को जागरूक करने जिला शिक्षा मिशन प्राधिकारण द्वारा डाइट मे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, डीईओ लालजी द्विवेदी, डाइट प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा, पार्षद मोनिका रजक, नंद चंद्राकर और रूपेंद्र रजक की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में उक्त थीम की महत्ता को प्रतिपादित करने जिला स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा भी हुई जिसमे खैरागढ़ छुईखदान ब्लाक के तीन तीन शालाओं के बच्चों ने भाग लेकर पक्ष विपक्ष पर विचार और मत साझा किया। यातायात सुरक्षा को लेकर जानकारी ली और दी। स्पर्धा में प्रथम बढ़ईटोला उमावि, द्वितीय पीएमश्री सेजेस गंडई और सेजेस खैरागढ़



तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड सहित नगद राशि दिया गया वही अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

स्पर्धा में निर्णायक जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबाविवि पीआर खुटेल, सेनि शिक्षक विजय झा, व्याख्याता किरण सिंह, ईश्वर ठाकुर, सूरज देवांगन और यातायात प्रभारी शक्ति सिंह ने स्पर्धा मे विषय को लेकर पक्ष विपक्ष के वाद संवाद, विषय वस्तु, तर्क वितर्क और संपूर्ण प्रदर्शन को देखते हुए निर्णय लिया। इस दौरान समग्र शिक्षा नोडल आतमाराम साहू, एपीसी श्रीश पांडेय, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, बीईओ रमेंद्र डड़सेना, संकुल समंवयक गंगूराम टंडन, कमल देवांगन सहित जिला स्तर समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमल वर्मा व आभार प्रदर्शन नेहरूलाल वर्मा ने किया।

### यातायात का करें पालन

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बच्चों को यातायात नियमों का खुद पालन करने और परिवार के सदस्यों को पालन करने प्रेरित करने कहा साथ ही बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने से बचने की अपील की। डीईओ लालजी द्विवेदी ने कहा कि पहले स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में एक पाठ द रूल आफ द रोड हुआ करता था जिसमें यातायात के नियमों और संकेतकों को विस्तार से समझाया गया था। डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी और हेलमेट के अभाव में रोज सत्तर से उपर आदमी अपनी जान गंवा रहे है इसलिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को लेकर हम सब जागरूक हो। यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने वाद विवाद स्पधा में शामिल सभी बच्चों से सामूहिक चर्चा की और अठारह साल की उम्र पूरी करने तक वाहन चलाने से बचने कहा।

## अमित के परिवार से मिली रानी विभा सिंह



- किसी भी सहयोग के लिए दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते जुलाई महिने में हुई मूसलाधार बारिश के चलते ईतवारी बाजार में आई बाढ़ के दौरान खुले नाले में बह गए युवक अमित यादव के परिवार से रानी विभा देवव्रत सिंह ने मुलाकात की। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वो उनके साथ खड़ी है किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए परिवार निसंकोच मिल सकता है।

इस दौरान नपा उपाध्यक्ष व पार्षद अब्दुल रज्जाक खान, दाऊचौरा मंडल कांग्रेस अध्यक्ष राजा सोलंकी, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। गौरतलब है कि जुलाई महीने में आई बाढ़ से ईतवारी बाजार का पूरा इलाका जलमग्न हो गया था इस दौरान तुरकारी पारा के यादव परिवार का इकलौता बेटा शीतला मंदिर के पास पानी में अठखेलियॉ कर रहा था, लेकिन खुले नाले में बहने से उसकी मौत हो गई।

छै महीने पहले पति की मौत के बाद एकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। विधायक यशोदा वर्मा, रानी विभा देवव्रत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी यादव परिवार के हर संभव सहयोग का वादा किया है।

खबर संक्षेप

## त्रिवेणी साहू का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला बघमरा की छात्र त्रिवेणी साहू पिता मोती राम साहू का नवोदय विद्यालय मे चयन हुआ है। इसके पहले कुमारी त्रिवेणी साहू जिला स्तर पर क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम व कक्षा पांचवी में संकुल केंद्र गुण्डरदेही में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## 5 को पेंशनर की बैठक में शिक्षकों का होगा सम्मान

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आगामी बैठक 05 सितंबर शुक्रवार को अपराह्न 12 बजे नये पेंशनर भवन, डौंडीलोहारा में आयोजित की जाएगी। बैठक में गत माह का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा तथा बालोद जिले की सदस्यता और डौंडीलोहारा तहसील की वार्षिक सदस्यता शुल्क संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर इस माह जन्मदिन मनाने वाले पेंशनरों का अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा तथा नये पेंशनर सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में इस माह के पर्वों पर प्रकाश डाला जाएगा।यदि किसी पेंशनर की व्यक्तिगत समस्या है तो वे आवेदन पत्र लेकर आएं, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। पेंशनर समाज डौंडीलोहारा के अध्यक्ष श्री सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## 73 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अगस्त 2025 में 10 कार्यपालक व 63 गैर-कार्यपालक सहित 73 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में शनिवार को किया गया।

## निधन

### रेणुका साहू



**बालोद/निकुम।** ग्राम देवरी द निवासी 62 वर्षीय रेणुका साहू का 30 अगस्त शनिवार को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ग्राम देवरी द मुक्तिधाम में किया गया। वे ग्राम पंचायत देवरी द पूर्व उपसरपंच बाबू लाल साहू की धर्म पत्नी व छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बटालियन में पदस्थ मेजर रोशन साहू की माता थी।

### भैय्याराम साहू



**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 05 पान्डेपारा निवासी भैय्याराम साहू 93 वर्ष का निधन हो गया है, वे मेघनाथ साहू, परस साहू एवं जसवन्त साहू के पिता उपस्थित थे। जिनका अंतिम संस्कार 4:30 बजे पांडेपारा तांदुला नदी तट स्थित मुक्ति धाम में किया जाएगा।

### आयोजन : सीसी रोड व यात्री प्रतीक्षालय का हुआ भूमिपूजन

# विपक्ष का कर्तव्य है की जनता की आवाज को मजबूती से उठाए : विधायक भेड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





ब्लॉक के ग्राम पंचायत आलीखूंटा में सीसी रोड एवं यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया शामिल हुईं।

इस अवसर पर सरपंच मनीराम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, नेतराम भांडेकर, जनपद सदस्य भूपेश नायक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि देव लाल निषाद, संतोष कुमार गुप्ता, कल्याण गिरी, विमल ग्राम पटेल, किशोर साहू, रामू पंच, लखन लाल सैनुक चनाप, नंदूराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भी ग्रामीण अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क, यात्री प्रतीक्षालय, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति में सरकार गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कर्तव्य है कि वह जनता की आवाज को मजबूती से उठाए और हर हाल में गांव के विकास के लिए संघर्ष करे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जाएगा, उनकी मांगों को हर तरह पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य राजाराम तराम एवं अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान महिला पंचगण मनी बाई, उषा बाई, अहिमत बाई, यदुराम सिन्हा, शालीन बाई ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## भवन निर्माण स्वीकृति से यादव समाज में खुशी की लहर

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कजराबांधा में यादव समाज के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान होने पर यादव समाज के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश महामंत्री कोसरिया यादव समाज अशोक कुमार यादव ने बताया कि इस ग्राम में यादव समाज का भवन नही होने से समाज के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों के लिए बहुत परेशानियां होती थी। जिसके लिए यादव समाज के लोग बहुत दिनों से शासन से भवन निर्माण की मांग कर रहे थे। आखिरकार यहां के यादव समाज के लिए उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन विजय शर्मा की अनुशंसा पर भवन निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे यादव समाज के लोग खुश होकर उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक कुमार यादव, ईश्वर यादव, रामखिलावन यादव, धनराज यादव, केशव यादव, ओंकार यादव, गणेशु यादव, सरपंच कजराबांधा खोमलाल साहू सहित यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

# सेक्टर के पांचों बूथों के अध्यक्ष बने जयप्रकाश यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तरौंद सेक्टर के पांचों बूथ तरौंद, भाटापारा, खेरताडीह, देहान, अमलीडीह बूथ के अध्यक्ष जयप्रकाश यादव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस बैठक में एक अध्यक्ष के अलावा तीन उपाध्यक्ष जिसमें रोमलाल यादव, तीरथ रावते एवं राकेश साहू, कोषाध्यक्ष राधेलाल राणा, सचिव गोपेन्द्र कौशिक, सह सचिव उमेंद्र निर्मलकर एवं सोशल मीडिया समन्वयक युवा नेता नवीन यादव को मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त पांचों बूथ के नए अध्यक्ष बनाया गया जिसमें तरौंद बूथ से उदेराम ठाकुर, भाटापारा से गोपेन्द्र कौशिक, खेरथाडीह से राकेश साहू एवं दैहान से तीरथ राम को मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत कर पदभार दिया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच ग्राम तरौद धर्मेंद्र रामटेके, खोरबाहरा राम देवांगन, मनीराम विश्वकर्मा, रामा निशाद सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय विज्ञान क्विज स्पर्धा संपन्न



**डौंडीलोहारा।** संकुल स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र सहगांव के पूर्व माध्यमिक शाला सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर से 8 तथा प्राथमिक स्तर से 10 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन पंजीयन एवं क्रमांक अनुसार वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र वितरण कर सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। विजेता छात्र माध्यमिक स्तर में प्रथम मनीष मेरिया पूर्व माध्यमिक शाला पिंगाल,द्वितीय जागेश्वरी पूर्व माध्यमिक शाला गैंजी रहे। प्राथमिक स्तर में प्रथम तुषार प्राथमिक शाला सहगांव

,द्वितीय तेज प्रकाश प्राथमिक शाला गैंजी रहे। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों ने बच्चों को आशीर्वचन एवं भविष्य की तैयारी हेतु प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व माध्यमिक शाला गैंजी से मेघनाथ रावटे,माध्यमिक शाला जाटादाह से पूजा सार्वा, पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव से होम लाल पटेल, पूर्व माध्यमिक शाला पिंगाल से दिलेश्वर सिंह ठाकुर, प्राथमिक शाला गैंजी से रामलाल ठाकुर, प्राथमिक शाला पोपलाटोला से नेतराम हिरवानी, प्राथमिक शाला पिंगाल से प्रवीण कुमार मानकर,प्राथमिक शाला सहगांव से विजय कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव के प्रधान पाठक खम्हन लाल चुरेन्द्र के संरक्षण में तथा संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही की संसाधन व्यवस्था से संभव हो सका।

# त्याग और साधना से जीवन में आनंद प्राप्त होता है : श्वेत तिलक महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



ग्राम नवागांव निवासी भंवरलाल गोलछा के पुत्र छगनलाल गोलछा 9 दिन उपवास के पश्चात सतत वृद्धि का भाव रखते हुए आगे बढ़ रहे है, पुत्रवधु रजनी गोलछा ने अक्षयनिधि तप किया और सुपौत्री रिषिका गोलछा ने 9 दिवसीय उपवास किया। जिनका बहुमान समारोह परम पूज्य आचार्य विजय योग तिलक सुरीश्वर महाराज श्री के विद्वान शिष्य मुनि भगवंत श्वेत तिलक, सुरीश्वरी महाराज ठाणा 7 विदुषी शिष्या साध्वी, चौत्यदर्शिता श्री जी, साध्वी भगवंत आदि ठाणा 8 की निश्रा में भव्य बड़गोड़ा साजा में निकाल कर अभिनंदन किया गया।

समारोह में जैन श्री संघ जामगांव आर, साजा, रायपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, बालोद, बीजा, बेमेतरा, दाढ़ी, कवर्धा, भंडारपुर, खैरागढ़, शिकारी, बीजा भटगांव, परपौड़ी, कोड़वा, धमधा, देवकर, बेरला, कटंगी, बालाघाट, अहिवारा, महरूम, थानखमहारिया, अतरिया ने भाग लिया। बरगोड़ा जैन श्री संघों के साथ माहेश्वरी समाज का सराहनीय योगदान रहा। व्याख्यान में विद्वान जैन सन्त श्वेत तिलक महाराज ने कहा कि भगवान राम भगवान कृष्ण भगवान महावीर ने त्याग में जीवन का आनंद बताया और भगवान को मानते तो है, लेकिन भगवान की बात मानने की बात आती है तब मुंह मोड लेते है जीवन में समस्या का मुख्य जड़ यही से शुरू होती है।

# शहीद दुर्वासा लाल का 25वां शहादत दिवस 4 सितम्बर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शहादत समारोह अमर शहीद दुर्वासालाल निषाद अत्यन्त गौरव का विषय है कि अमर सपूत दुर्वासा लाल निषाद ने कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण उत्सर्ग किये, जिसकी स्मृति में 25 वां शहादत दिवस समारोह आयोजित है। अमर शहीद के सम्मानार्थ समारोह के अतिथिगण मुख्य अतिथि - विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा, अध्यक्षता - सरपंच ग्राम पंचायत देवरी ख कुसुम प्रमोद देशमुख, विशिष्ट अतिथि - विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि - अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणि पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र बिरेंद्र साहू, अध्यक्ष सं. पु. सै कल्याण संघ, भिलाई दुर्ग एम. के. राठी, सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंध कुलदीप साहू, अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिसर बालोद नंदकिशोर साहू। गॉड ऑफ ऑनर शहीद के परिजनों का अभिनंदन मेघावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान पिता मुन्नीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद देवरी ख प्रेषक सरपंच एवं पंचगण समस्त ग्रामवासी देवरी ख उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शहीद के पिता जी मुन्नी लाल निषाद ने दी।

## शिशु संरक्षण माह में बच्चों को पिलाई गई विटामिन-ए की खुराक



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुथरेल में शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति लोमश चंद्राकर ने बच्चों को खुराक पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में डॉ. संजीव शुक्ला (सेक्टर प्रभारी निकुम), डॉ. संजय सिंह, डॉ. निर्मला जैकब, निरंजना चंद्राकर (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) एवं सीता साहू (सहायिका) उपस्थित रहे। इस दौरान सभापति लोमश चंद्राकर ने बताया कि 29 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी मोदी की मन की बात



**गुण्डरदेही।** मन की बात कार्यक्रम शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा के ग्राम खुटेरी बूथ में सुना गया। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम प्रभारी सौरभ चोपड़ा, मंडल मंत्री नवीता साहू, पृथ्वी साहू, बूथ अध्यक्ष खुटेरी नारायण साहू, बूथ अध्यक्ष रंगकठेरा राजेंद्र कुंभकार, बूथ अध्यक्ष लिमोरा विवेक साहू, पंच सोहन साहू, गजाधर साहू, दिनेश कुमार, भोरम देव, यतींद्र ठाकुर, भागी रति, रूमेश यादव, थालेंद्र साहू उपस्थित थे।

## आदिवासी कॉलोनी में स्थापित की श्री गणेश प्रतिमा



**डौंडीलोहारा।** नगर के रामनगर स्थित आदिवासी कॉलोनी वार्ड नंबर 15 में इस वर्ष गणेश उत्सव का खास आयोजन नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया। बाल गणेश उत्सव समिति के बैनर तले बच्चों ने मिलकर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की। गणेश स्थापना के दौरान बच्चों का उत्साह था।

## गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि




**बालोद।** विधि विषय में डॉ. सीवी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा पीएचडी. की उपाधि नगर के पूनम चंद गुप्ता को प्रदान की गईं। बालोद शहर में पूनम चंद गुप्ता विधि विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले पहले विद्यार्थी हैं। उन्होंने अपना शोध प्रबंध शीर्षक अनुसूचित जनजातियों के अधि संरक्षण में विधियों की भूमिका भूमि अधिकार संरक्षण विधियों के विशेष संदर्भ में संकायाध्यक्ष विधि संकाय डॉ. सीवी. रामन विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉ. आरपी चौधरी एवं सहायक प्राध्यापक विधि शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद डॉ. जैनेन्द्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न किया। इनके इस उपलब्धि के लिए परिवार के सदस्यों के साथ मित्रगणों ने हर्श व्यक्त किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी मन की बात



**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात सुनी। इस अवसर पर सरपंच लेखराम साहू, खोमन, कमलनारायण, नरोत्तम, शत्रुहन, बैसाखू, झगरा, अश्वनी कुमार, छन्नू, उतम, दीनराम व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामदेव मंदिर में ललित चंद्राकर ने की पूजा-अर्चना

**दुर्ग।** गंजपारा स्थित बाबा रामदेव मंदिर में जारी रामकथा में शामिल होने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पहुंचे। उन्होंने प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की। आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। प्रभु श्रीराम से सभी के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर आयोजित रामचरितमानस कथा का श्रवण कर दिव्य आनंद प्राप्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### जिला स्तरीय यूथ सुपर 100 कार्यकर्ता कार्यशाला हुई

# कार्यकर्ता को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय युथ सुपर 100 कार्यकर्ता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओ.पी. राठौर एवं सहसंयोजक सी.पी. साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युग निर्माण योजना, सप्तक्रांति आंदोलन, साधना, शिक्षा, स्वाध्याय, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति के 2026 में जन्मशताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। कार्यशाला में युग दृष्टा के जीवन दर्शन, गुरु सत्ता से अपेक्षा, व्यक्तित्व निर्माण, रचनात्मक आंदोलनों में भागीदारी एवं शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी पर विशेष चर्चा हुई। जिला स्तरीय 108 कुंडीय महायज्ञ की तैयारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला समन्वयक बी.एस. अठनागर, युवा प्रकोष्ठ संयोजक दिलीप निर्मलकर, मिलन सिन्हा, भोलेश्वर सिन्हा, विमल साहू, तुलसी कैलाशनाथ साहू, रेखा विरेन्द्र बघेल, कौशल्या बिसंभर बगमरिया, रेणुका गंजीर, मोहन साहू, मुकेश साहू, वी.के. चौहान का विशेष योगदान रहा।

